**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 909**

**07 फरवरी,2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**एम्स, कल्याणी में प्राध्यापकों और कर्मचारियों की कमी**

**909. श्री अबू ताहेर खान:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि वर्तमान में एम्स, कल्याणी में प्राध्यापकों और कर्मचारियों की कमी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या तत्काल भर्ती किए जाने वाले आपातकालीन रोगियों को भर्ती करने के लिए अवसंरचना आज की तारीख तक विकसित नहीं हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या महत्वपूर्ण विभागों की ओपीडी सेवाएं सप्ताह में दो दिन के बजाय तीन या चार दिन उपलब्ध कराने की संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क): पदों का सृजन और भर्ती एक सतत प्रक्रिया है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) कल्याणी में संस्वीकृत, भरे हुए और रिक्त संकाय और गैर-संकाय पदों की स्थिति निम्नानुसार है:

| **संकाय पद** | | | **गैर-संकाय पद** | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **संस्वीकृत** | **भरे हुए** | **रिक्त** | **संस्वीकृत** | **भरे हुए** | **रिक्त** |
| 259 | 163 | 96 | 1527 | 906 | 621 |

(ख) और (ग): एम्स कल्याणी में ट्रॉमा और आपातकालीन विभाग कार्यरत है। वर्तमान में, एम्स कल्याणी में 27 बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) सेवाएं उपलब्ध हैं , जैसा कि अनुलग्नक में दिया गया है।

अनुलग्नक

## एम्स कल्याणी में बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) सेवाओं का विवरण

| क्रम सं. | विभाग | एक सप्ताह में ओपीडी चलने वाले दिनों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | बाल चिकित्सा | 6 |
| 2 | भौतिक चिकित्सा और पुनर्वास (पीएमआर) | 5 |
| 3 | कान, नाक और गला (ईएनटी) | 5 |
| 4 | अनेस्थिसियोलॉजी | 5 |
| 5 | जनरल सर्जरी | 5 |
| 6 | आँख | 5 |
| 7 | प्रसूति एवं स्त्री रोग (ओबीजी) | 5 |
| 8 | सामान्य चिकित्सा | 5 |
| 9 | त्वचा विज्ञान | 5 |
| 10 | मनोचिकित्सा | 5 |
| 11 | दंत चिकित्सा | 5 |
| 12 | हड्डी रोग | 5 |
| 13 | एंडोक्राइनोलॉजी और मेटाबॉलिज्म | 4 |
| 14 | कार्डियोथोरेसिक वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) | 3 |
| 15 | कार्डियोलॉजी | 3 |
| 16 | बर्न और प्लास्टिक सर्जरी | 3 |
| 17 | पल्मोनरी मेडिसिन | 3 |
| 18 | बाल चिकित्सा सर्जरी | 3 |
| 19 | रुमेटोलॉजी और क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी | 3 |
| 20 | नेफ्रोलॉजी | 2 |
| 21 | न्यूरोसर्जरी | 2 |
| 22 | यूरोलॉजी | 2 |
| 23 | मेडिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी | 2 |
| 24 | मेडिकल ऑन्कोलॉजी | 2 |
| 25 | सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी | 2 |
| 26 | रेडियोथेरेपी | 2 |
| 27 | संक्रामक रोग | 2 |

*****